# उत्तर प्रदेश प्रतिकरात्मक वन रोपण निधि प्रबन्धन और योजना प्राधिकरण (उ0प्र0 कैम्पा) कार्यपालक समिति की दिनांक 26.05.2020 को आयोजित तृतीय बैठक का कार्यवृत्त

सर्वप्रथम, सदस्य सचिव, कार्यपालक समिति, उ0प्र0 कैम्पा द्वारा बैठक में उपस्थित कार्यपालक समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए अवगत कराया गया कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक, उत्तर प्रदेश (वन बल के प्रमुख)/अध्यक्ष, कार्यपालक समिति, उ0प्र0 कैम्पा आज राजकीय कार्यवश बैठक में उपस्थित नहीं हो सकेंगे। इस सम्बन्ध में सदस्य सचिव, कार्यपालक समिति, उ0प्र0 कैम्पा द्वारा अवगत कराया गया कि CAF Rules, 2018 के नियम–30 के अनुसार समिति द्वारा निर्णीत समिति के किसी सदस्य द्वारा अध्यक्षता किये जाने की व्यवस्था है, जिस पर समिति द्वारा प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उ0प्र0, लखनऊ की अध्यक्षता में समिति की बैठक आहूत किये जाने का निर्णय लिया गया।

समिति के अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक का शुभारम्भ किया गया। बैठक में भाग लेने वाले कार्यपालक समिति के सदस्यों की सूची संलग्न है **(संलग्नक–1)**।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से नियमित एजेंडा बिन्दुओं पर विचार–विमर्श के उपरान्त समिति द्वारा निम्नानुसार निर्णय लिए गए:–

**एजेण्डा बिन्दु–1:– उत्तर प्रदेश कैम्पा कार्यपालक समिति की द्वितीय बैठक दिनॉक 16.03.2020 को आहुत बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि किया जाना।**

समिति द्वारा उ0प्र0 कैम्पा कार्यपालक समिति की द्वितीय बैठक दिनॉक 16.03.2020 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

उ0प्र0 कैम्पा अभिचालन समिति द्वारा दिनॉक 15.05.2020 को आहूत बैठक में लिये गये निम्न निर्णयों से भी समिति अवगत हुयी :–

1. उ0प्र0 कैम्पा अभिचालन समिति द्वारा वर्ष 2020–21 की वार्षिक प्रचालन योजना के अन्तर्गत कतिपय परिवर्तन करते हुए धनराशि रू0 27500.00 लाख के आउटले का अनुमोदन प्रदान किया गया है, जिसे अन्तिम अनुमोदन हेतु कार्यपालक समिति, राष्ट्रीय कैम्पा को प्रेषित किया गया है।
2. उ0प्र0 कैम्पा अभिचालन समिति द्वारा उ0प्र0 कैम्पा, स्टीयरिंग कमेटी की चतुर्थ बैठक दिनॉक 10.10.2012 में तत्समय निर्धारित किये गये वित्तीय अधिकारों के प्रतिनिधायन को विखण्डित कर वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–7 एवं तत्सम्बन्ध में समय–समय पर निर्गत सुसंगत शासनादेशों में दी गयी व्यवस्था के अन्तर्गत निर्धारित वित्तीय अधिकारों के प्रतिनिधायन को अंगीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु–2 :– उत्तर प्रदेश कैम्पा की वर्ष 2020–21 की वार्षिक प्रचालन योजना (अतिरिक्त) का अनुमोदन प्रदान किया जाना।**

उत्तर प्रदेश कैम्पा की वर्ष 2020–21 की वार्षिक प्रचालन योजना (अतिरिक्त) के प्रस्ताव को कार्यपालक समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

समिति द्वारा यह निर्देश दिये गये कि उत्तर प्रदेश कैम्पा की वर्ष 2020–21 की वार्षिक प्रचालन योजना (अतिरिक्त) के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों के सम्पादन हेतु प्रवासी मजदूरों को प्राथमिकता प्रदान की जाये।

समिति द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि–

1. समिति के सदस्यगण, प्रभागों में उ0प्र0 कैम्पा द्वारा पोषित कार्यों के निरीक्षण कर सकते हैं, इस सम्बन्ध में मुख्य वन संरक्षक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उ0प्र0 कैम्पा द्वारा समन्वय स्थापित किया जाये।

2. उ0प्र0 कैम्पा द्वारा पोषित वृक्षारोपणों से इतर, अन्य योजनाओं से कराये गये वृक्षारोपणों के अन्तर्गत प्रभावित वृक्षों के उपचार/पुनः रोपण किये जाने के सम्बन्ध में CAF Act, 2016/CAF Rules, 2018 के प्राविधानों के अन्तर्गत विचार कर लिया जाये।

बैठक में ग्राम्य विकास विभाग के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित सदस्य द्वारा यह सुझाव दिया गया कि वन विभाग के अन्तर्गत मनरेगा योजना के अधीन अधिक से अधिक कार्यों का पोषण किया जाये, जिससे प्रवासी मजदूरों को अधिकाधिक रोजगार प्राप्त हो सके।

बैठक धन्यवाद के साथ समाप्त हुई।

(सुनील पाण्डे)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**(सुनील कुमार दूबे)**
मुख्य कार्यकारी अधिकारी/सदस्य सचिव–कार्यकारिणी समिति
(उ0प्र0 कैम्पा), लखनऊ

**पत्रांक– 1592 /2–37–2 (कार्यपालक समिति–03) दिनांक मई: 26 : 2020**

प्रतिलिपि– उपरोक्त बैठक का कार्यवृत्त निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, पर्यावरण, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, वित्त, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, नियोजन, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
4. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, ग्रामीण विकास, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
5. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, राजस्व, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
6. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, कृषि, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
7. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, जनजातीय विकास, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
8. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, पंचायती राज, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
9. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
10. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल के प्रमुख), उ0प्र0, लखनऊ।
11. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उ0प्र0, लखनऊ।
12. मुख्य वन संरक्षक, इकोडेवलेपमेंट, उ0प्र0, लखनऊ।
13. मुख्य वन संरक्षक, वन वर्धनिक, दक्षिणी क्षेत्र कानपुर
14. मुख्य वन संरक्षक, संयुक्त वन प्रबन्ध, उ0प्र0, लखनऊ।
15. श्री आलोक अग्रवाल, वित्त नियंत्रक, कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक, उ0प्र0, लखनऊ।
16. पर्यावरण शिक्षण केन्द्र (C.E.E), उत्तर क्षेत्रीय कार्यालय, 83 बाल विहार कालोनी, पिकनिक स्पॉट रोड, फरीदी नगर, लखनऊ (गैर–सरकारी संगठन)।
17. टर्टल सर्वाइवल एलाएन्स (T.S.A) डी 1/317, सेक्टर एफ, जानकीपुरम, लखनऊ (गैर–सरकारी संगठन)।
18. श्री सुरेन्द्र कुमार वर्मा, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, चित्रकुट (जिला स्तर पंचायती राज संस्थान के प्रतिनिधि)।
19. श्री जागन सिंह, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, पीलीभीत (जिला स्तर पंचायती राज संस्थान के प्रतिनिधि)।
20. श्री धनीराम, ग्राम भुसहर ऊँचवा, पोस्ट परसरामपुर, रजेहना तुलसीपुर, बलरामपुर (आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधि)।

**(सुनील कुमार दूबे)**
मुख्य कार्यकारी अधिकारी/सदस्य सचिव–कार्यकारिणी समिति
(उ0प्र0 कैम्पा), लखनऊ

प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उ0प्र0, लखनऊ की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश कैम्पा की दिनांक 26.05.2020 को कार्यपालक समिति (Executive Committee) की तृतिय बैठक में अधिकारियों की उपस्थिति :–

| क्र.सं. | नाम एवं पदनाम | मोबाईल नं0 | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | | | |
| 2. | प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव | | [signature] |
| 3. | संजय श्रीवास्तव APCCF (Eco. | | [signature] |
| 4. | दीपक कु0 मील, CCF, JFM | | [signature] |
| 5. | डा0 डी0 के0 श्रीवास्तव, Joint Director, CSTUP | 9760051333 | [signature] |
| 6. | विजय बहादुर वर्मा संयुक्त सचिव स्टाम्प रजिस्ट्रेशन | 9454413164 | [signature] |
| 7. | राजेन्द्र राम, अनु सचिव, वित्त विभाग | 9454412938 | [signature] |
| 8. | धनीराम वन वाटिका समुदाय प्रतिनिधि | 8009924126 | धनीराम |
| 9. | Neeraj Kr. Pal, Project Coordinator Centre for Environment Education | 9450281900 | Neeraj Pal |
| 10. | Bhasker Dixit, Asst. Director, Community outreach Program, T.S.A-India | 9839311703 | [signature] |
| 11. | Dheeraj Pande, Special Secretary (Revenue), U.P. Sectt. Lko. | 9454413146 | [signature] 26/5/2020 |
| 12. | Sunil Verma Joint Director planning Deptt | 9454468903 | [signature] 26-05 |
| 13. | S. N. Dubey S.M.S (CASB) कृषि विभाग | 9415610498 | [signature] 26/5/2020 |
| 14. | R. D. Dwivedi, A.S.O प्रशासन- Finance Controller | 9451102277 | [signature] |
| 15. | Sunil Kr Dubey CEO Campa | 0757442291 | [signature] 26/05/2020 |
| 16. | | | |
| 17. | | | |
| 18. | | | |
| 19. | | | |
| 20. | | | |